परियोजना के तहत गठित सभी समूहों की नियमित रूप से मासिक बैठको का आयोजन किया जाता है । समूहो की इन मासिक बैठको में अब तक मुख्य रूप से निम्न विषयो/मुद्दो पर चर्चा की गई जो कि निम्न प्रकार से है :

- समूह की नियमित बैठक व मासिक बचत के बारे में जानकारी व चर्चा।
- सरकारी योजनाओं की जानकारी।
- समूह के पदाधिकारियो व सदस्यो की जिम्मेदारी ,कर्तव्य एवं उतरदायित्व के बारे में चर्चा।
- बैंक में खाता खुलवाने के बारे में जानकारी व चर्चा।
- आपसी लेनदेन एवं उसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी व चर्चा।
- समूह का रिकार्ड रखना एवं रिकार्ड संधारण के बारे में जानकारी।
- पशु स्वास्थ्य शिविर एवं टीकाकरण के बारे में जानकारी एवं चर्चा।
- मौसमी बीमारियों के बारे मे जानकारी एवं विचार विमर्श।
- परियोजना के तहत आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणों के बारे में जानकारी एवं चर्चा।
- बैंक से लेनदेन व बैंक से ऋण लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी एवं चर्चा।
- बैंक से ऋण उपयोग एवं बैंक की किश्ते समय पर जमा करवाने के बारे में चर्चा।
- समूह की मजबूती के बारे में विचार विमर्श।
- सदस्यों की व्यक्तिगत बचत के बारे में जानकारी एवं चर्चा।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र

परियोजना का कार्यक्षेत्र : श्रीगंगानगर

वित्तीय सहयोग : महिला एवं बाल विकास विभाग ,राजस्थान सरकार

प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2015–मार्च 2016

प्रदेश में महिला उत्पीड़न के बढ़ते मामलों की रोकथाम और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत श्रीगंगानगर में उरमूल के द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का संचालन किया जा रहा है ।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की मुख्य सेवाएं:

- पीडित महिला एवं अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों के साथ विचार–विमर्श से समस्या का आकलन और समाधान करवाना।
- महिला की इच्छा पर सम्बन्धित प्रकरण में एफ.आई.आर दर्ज करवाना।
- जिला महिला सहायता समिति के माध्यम से महिला को उपयुक्त सहायता दिलवाना।
- घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 के अन्तर्गत न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में सहयोग करना। जहॉ किसी प्रत्यर्थी के लिए न्यायालय के द्वारा पारित संरक्षण आदेश की अवहेलना करे वहॉ प्रत्यर्थी के विरूद्ध पुलिस के माध्यम से कार्यवाही करवाना ।
- चिकित्सा अथवा चिकित्सा प्रमाण पत्र हेतु सम्बन्धित अस्पताल को संदर्भित करना ।
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सेवाएं उपलब्ध करवाना ।
- अधिसूचित आश्रय गृह में प्रवेश दिलवाना।स्थानीय स्तर पर आश्रय गृह उपलब्ध नहीं होने पर आपात स्थिति में अस्थायी परन्तु सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करवाना ।
- आकस्मिक व आपात स्थिति में पुलिस और संरक्षण अधिकारी के सहयोग से महिला के लिए सुरक्षा की व्यवस्था करवाना।
- महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर आने वाली प्रत्येक महिला प्रार्थी से वार्ता की गोपनीयता का को बनाये व ध्यान रखना।

श्रीगंगानगर केन्द्र : श्रीगंगानगर शहर के पुलिस थाना परिसर में इस केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इस केन्द्र पर माह अप्रेल 2015 से मार्च 2016 तक कुल 185 घरेलू हिंसा से उत्पीडित महिलाओं को सलाह सहयोग व मार्गदर्शन किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है :

गतिविधि	अप्रेल 2015–मार्च 2016 **तक प्रकरण संख्या**
व्यथित महिला को व्यक्तिगत सलाह ,मार्गदर्शन ,परामर्श	185
पारिवारीक सलाह ,मार्गदर्शन ,परामर्श	53
व्यथित महिला को उसके अधिकारों की जानकारी देना	185
कानूनी सलाह	25
एफ.आई.आर. दर्ज करवाने में सहयोग	06
वैवाहिक घर में रहने के व्यथित महिला के अधिकारों का संरक्षण	02
हिंसा मुक्त समाज बनाने के लिए की गई विचार गोष्ठियां ,कार्यशाला	04
मेडिकल मुआयना करवाने में सहयोग	01
निराश्रय की अवस्था में आश्रय गृह में प्रवेश दिलाने में सहयोग/मार्गदर्शन	01
व्यथित महिला के बच्चों की अभिरक्षा में सहयोग	00
स्त्री धन वापसी में सहयोग	00
घरेलू हिंसा प्रकरणों में व्यथित महिला को घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 के अंतर्गत उचित सलाह ,मार्गदर्शन एवं सहायता	01
घरेलू घटना रिपोर्ट बनाने और न्यायालय में प्रस्तुत करने में सहयोग	00
दहेज प्रकरण में उचित कार्यवाही में सहयोग	03
पारिवारिक विघटन एवं तलाक जैसी परिस्थितियों में उचित मार्गदर्शन	08

श्रीगंगानगर : केन्द्र के तहत आयोजित गतिविधि व बैठकों का विवरण :

गतिविधियां व बैठक :

श्रीगंगानगर केन्द्र में कार्यरत सलाहकारो के द्वारा अप्रेल 2015 से मार्च 2016 तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गतिविधियो व बैठको का आयोजन किया गया। जिसका विवरण इस प्रकार से है :

क.स.	कार्यक्रम	कार्यक्रम स्थल	उपस्थित संभागी विवरण		
			महिला	पुरूष	योग
1.	बेटी बचाओ कार्यक्रम	आई.एम.ए.हाऊस	35	50	85
2.	प्रचार प्रसार कार्यक्रम	ग्राम पंचायत, नेतेवाला	15	05	20
3.	प्रचार प्रसार कार्यक्रम	ग्राम पंचायत, दौलतपुरा	20	07	27
4.	प्रचार प्रसार कार्यक्रम	ग्राम पंचायत, 9 जेड	20	05	25
5.	प्रचार प्रसार कार्यक्रम	ग्राम पंचायत, 10 जेड	15	08	23
6.	राष्ट्रीय बालिका दिवस	ग्राम पंचातय, चक महारजका	30	15	45
कुल			**135**	**90**	**225**

मॉडल फार्म विकास एवं टिकाऊ खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम का कार्यक्षेत्र : कोलायत, ब्लॉक, जिला–बीकानेर

परियोजना प्रारम्भ : अप्रेल 2016

वितीय सहयोग : कैफ (CAF)

परियोजना प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2016

मॉडल फार्म विकास एवं टिकाऊ खेती के लिए किसानो को प्रशिक्षित करने के उददेश्य से उरमूल ट्रस्ट, बीकानेर के द्वारा कैफ के वितीय सहयोग से कार्यक्रम का संचालन बीकानेर जिले के कोलायत ब्लॉक में किया जा रहा है।

संस्था के द्वारा अप्रेल 2016 से इस कार्यक्रम का संचालन बीकानेर जिले के ब्लॉक कोलायत के 15 गांवो में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के उद्देश्य :

- मॉडल फार्म तैयार एवं विकसित करना।
- वर्षा जल संरक्षण एवं सोलर ग्रिड की स्थापना करना।
- 500 किसानों को टिकाऊ एवं जैविक खेती के लिए प्रशिक्षित करना।
- जैविक एवं टिकाऊ खेती की व्यवहारिक जानकारी के लिए किसानो का भ्रमण करवाना।
- प्रशिक्षण के उपरान्त फार्म फिल्ड पर किसानो को व्यवहारिक रूप से जैविक एवं टिकाऊ खेती करने के लिए प्रशिक्षित करना।
- जैविक खेती के लिए किसानों को मानसिक रूप से तैयार करके जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करना।

गांवो एवं किसानो चयन :

कार्यक्रम संचालित करने के लिए कोलायत ब्लॉक के 15 गांवो का चयन करके 4 कलस्टर में विभाजित किया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	कलस्टर का नाम	गांवों की संख्या	चिन्हित किसानों की संख्या
1	चारणवाला	08	150
2	छिला कश्मीर	02	100
3	बज्जू	02	100
4	गिराजसर	03	150
	कुल	**15**	**500**

उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम

कार्यक्रम का कार्यक्षेत्र : बीकानेर, बासवाडा, जैसलमेर, करौली, जोधपुर बाडमेर, नागौर, श्रीगंगानगर एंव हनुमानगढ

परियोजना प्रारम्भ : मार्च 2012

वितीय सहयोग : उषा इन्टरनेशनल

परियोजना प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2015–मार्च 2016

कार्यक्रम के उद्देश्य :

- सिलाई प्रशिक्षण के लिए संदर्भ व्यक्तियों की पहचान व प्रशिक्षण करवाना।
- ग्रामीण क्षेत्र में सिलाई के कार्य में रूचि रखने वाली महिलाओं की पहचान।
- ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई कार्य के लिए प्रशिक्षण करवाना।
- प्रशिक्षण में प्रशिक्षित महिलाओं को नि : शुल्क सिलाई मशीन उपलब्ध करवाना।
- प्रशिक्षित महिलाओं को गांव में सिलाई स्कूल चलाने के लिए तैयार करना।
- सिलाई स्कूल में आने वाली महिलाओं व बालिकाओं की पहचान करके सूची तैयार करना।
- प्रशिक्षित महिलाओं के माध्यम से गांवो में सिलाई स्कूल का संचालन करना।
- गांवो में संचालित स्कूल की नियमित रूप से मॉनिटरिग व प्रबन्धन करना।

सिलाई स्कूल संचालन का विवरण :

क.स.	विवरण	सिलाई स्कूलों की संख्या
1.	कोलायत, बीकानेर	19
2.	श्रीडूंगरगढ, बीकानेर	11
3.	लूणकरणसर, बीकानेर	05
4.	बीकानेर	05
5.	पोकरण, जैसलमेर	20
6.	श्रीगंगानगर	15
7.	हनुमानगढ	20
8.	नागौर	10
9.	बासवाडा	10
10.	जोधपुर	20
11.	करौली	10
12.	बाडमेर	10
	कुल	**140**

उपरोक्त विवरण के अनुसार 140 ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को गांवो में सिलाई स्कूल चलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। ये प्रशिक्षित सभी महिलाएं अपने अपने गांवो में सिलाई स्कूल का संचालन नियमित रूप से कर रही है। जिनका प्रबन्धन व मॉनिटरिग भी नियमित रूप से संस्था के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में उपरोक्त विवरण के मुताबिक संचालित 140 स्कूलों के माध्यम से 2661 बालिकाओं व महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण गांव स्तर पर दिया जा रहा है। इन 140 सिलाई स्कूलों का संचालन राज्य के 9 जिलो में उरमूल ट्रस्ट की सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है।

सेटेलाइट सिलाई स्कूल संचालन का विवरण :

पूर्व में संचालित सिलाई स्कूल के आसपास के गांवो में सेटेलाइट सिलाई स्कूल का संचालन राज्य के 9 जिलों में संस्था के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	विवरण	सेटेलाइट स्कूलों की संख्या
1.	कोलायत, बीकानेर	18
2.	श्रीडूंगरगढ, बीकानेर	13
3.	लूणकरणसर, बीकानेर	16
4.	बीकानेर	15
5.	पोकरण, जैसलमेर	47
6.	श्रीगंगानगर	77
7.	हनुमानगढ	75
8.	नागौर	38
9.	बासवाडा	32
10.	जोधपुर	52
11.	करौली	30
	कुल	**413**

वर्तमान में उपरोक्त विवरण के मुताबिक संचालित 413 सेटेलाइट सिलाई स्कूलों के माध्यम से बालिकाओं व महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण गांव स्तर पर दिया जा रहा है। इन 413 सेटेलाइट सिलाई स्कूलों का संचालन राज्य के 09 जिलो में उरमूल ट्रस्ट की सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है।

उषा सिलाई स्कूल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाना और उनकी आजीविका को बढाने के साथ साथ गाव स्तर बालिकाओं और महिलाओ को सिलाई के लिए प्रशिक्षण देकर नये रोजगार उपलबध करवाने के लक्ष्य को लेकर उरमूल के द्वारा परियोजना का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है।

थार मरूस्थल में बाल विवाह रोकने के लिए अभियान

परियोजना का कार्यक्षेत्र : बीकानेर

वितीय सहयोग : ग्लोबल गिविग

परियोजना प्रारम्भ : जनवरी 2015

प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2015–मार्च 2016

प्रदेश में व्याप्त बाल विवाह जैसी प्रथा को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से उरमूल ट्रस्ट ,बीकानेर और ग्लोबल गिविंग के द्वारा संयुक्त रूप से थार मरूस्थल में बाल विवाह रोकने के लिए अभियान परियोजना का संचालन बीकानेर जिले में किया जा रहा है।

संस्था के द्वारा. जनवरी 2015 से थार मरूस्थल में बाल विवाह रोकने के लिए अभियान परियोजना का संचालन बीकानेर जिले के 30 गांवों में किया जा रहा है।

परियोजना का उद्देश्य :

1. समजा में व्याप्त बाल विवाह प्रथा का रोकथाम व समाप्त करना।
2. जन समुदाय को बाल विवाह से होने वाले नुकसान व असर के बारे में जानकारी देकर जागृति लाना।
3. क्षेत्र के युवक और युवतियों को बाल विवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए तैयार करना।
4. क्षेत्र में बाल विवाह हुएं परिवारो का चयन और उनकी केस स्टेडी तैयार करना।
5. क्षेत्र के पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों को मिटाने के लिए प्रशिक्षण देना।
6. क्षेत्र की ग्राम स्वास्थ्य एंव स्वच्छता समिति के सदस्यों को बाल विवाह की रोकथाम एवं समाप्त करने के लिए प्रशिक्षण देना।
7. क्षेत्र के धर्मगुरूओं ,समाज के मौजिज व्यक्तियों का बाल विवाह रोकथाम व समाप्त करने हेतु प्रशिक्षण करना।
8. क्षेत्र के गांवो के ग्रामीणों में जागृति लाकर उनकी स्व–प्रेरणा से बाल विवाह मुक्त गांव बनाना।
9. क्षेत्र के युवाओ को संगठित करके उन्हे प्रशिक्षण देना।
10. 70 प्रतिशत गांवो को बाल विवाह मुक्त गांव बनाना।
11. विवाह पंजीकरण सुनिश्चित करना।
12. शिक्षा से वंचित बालक–बालिकाओं को शतप्रतिशत शाला में नामांकित करवाना।
13. बालिकाओं को सरकारी योजनाओं से जोडना।

परियोजना के तहत आयोजित की गई गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

किशोरी जीवन कौशल प्रशिक्षण :

परियोजना क्षेत्र के गांवो में किशोरियों को जीवन कौषल प्रशिक्षण एवं बाल विवाह से होने वाले नुकसान व असर पर समझ विकसित व मजबूत करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षणों के दौरान किशोरियों के साथ संस्था द्वारा गांवो में किये गये सर्वे को शेयर किया गया और बाल विवाह रोकने के विभिन्न संभावित प्रयासों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में सम्भागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागियों का विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	1634	00	1634
कुल		**1634**	**00**	**1634**

विधालय प्रबन्धन समिति सदस्यों का आमुखीकरण :

परियोजना क्षेत्र के समस्त विधालय प्रबन्धन समिति सदस्यों का बाल विवाह की रोकथाम व समाप्ति के मुद्दों पर आमुखीकरण किया गया। इस आमुखीकरण कार्यक्रम के दौरान समस्त सदस्यों को बाल विवाह से समाज पर पडने वाले प्रभावों के बारे में समझाने के साथ ही गांव में विधालय से छूटे हुएं बच्चों को जोडने के प्रयासों पर चर्चा की गई। आमुखीकरण में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागियों का विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	970	1069	2039
कुल		**970**	**1069**	**2039**

पंचायतीराज सदस्यों का प्रशिक्षण :

परियोजना क्षेत्र के गांवो में जिले के पंचायतीराज सदस्यों सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंचों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पंचायतीराज के सदस्यों को बाल विवाह से नुकसान व समाज पर पडने वाले कुप्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों को अपने गांव व ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त करवाने के सम्भावित प्रयासों पर चर्चा की गई। इस दौरान पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों को अपने अपने क्षेत्र में होने वाले बाल विवाह को रूकवाने के लिए शपथ भी दिलवाई गई।

क.स.	जिले का नाम	सम्भागियों का विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	381	441	822
कुल		**381**	**441**	**822**

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति सदस्यों का प्रशिक्षण :

परियोजना क्षेत्र के गांवो में समस्त ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों को बाल विवाह से शारीरिक और मानसिक स्तर पर पडने वाले कुप्रभावों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बाल विवाह से भारत में बढने वाली मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर के आंकडों को शेयर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों को अपने अपने क्षेत्र में बाल विवाह ने होने देने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में सम्भागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागियों का संख्या
1.	बीकानेर	203
कुल		**203**

धर्म गुरूओं व समाज के मौजीज व्यक्तियों का प्रशिक्षण :

परियोजना क्षेत्र के गांवो में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम व समाप्ति हेतु धर्म गुरूओं एवं समाज के मौजीज व्यक्तियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों जिसमें बाल विवाह ज्यादा होते है के धर्म गुरूओं एवं समाज के मौजीज व्यक्तियों को आंमत्रित किया गया। उनके साथ बाल विवाह के आंकडों को शेयर करने के साथ ही बाल विवाह से समाज व पारिवारिक स्तर पर पडने वाले कुप्रभावों व प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों पर चर्चा की गई। सम्भागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागियों का विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	145	456	601
कुल		**145**	**456**	**601**

बाल विवाह मुक्त गांवो की फोलोअप बैठकों का आयोजन :

परियोजना क्षेत्र में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम व आमजन में बाल विवाह के कुप्रभावों के प्रति समझ विकसित करने एवं निगरानी के लिए गांव स्तर पर युवाओं, जनप्रतिनिधियों, फ्रंट लाइन कार्यकर्ता, जातिगत लीडरों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों के दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, नि : शुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2012 एवं पाक्सों अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई एवं गांवो में बाल विवाह को रोकने हेतु चेतना टीमों का गठन किया गया। बैठकों के सम्भागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागियों का संख्या
1.	बीकानेर	15
कुल		**15**

युवा प्रशिक्षण :

परियोजना क्षेत्र में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम एवं आगजन में बाल विवाह के कुप्रभावों के प्रति समझ विकसित करने के लिए जिला स्तर पर युवाओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान युवाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, नि : शुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2012 एवं पाक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान गावों में बाल विवाह को रोकने हेतु चेतना टीमों का गठन भी किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी सम्भागियों को बाल विवाह को रोकने हेतु शपथ दिलवाई गई। प्रशिक्षण के सम्भागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागियों का संख्या
1.	बीकानेर	1302
कुल		**1302**

स्वंय सहायता समूहों की बैठकों में सहभागिता :

परियोजना क्षेत्र में उरमूल के द्वारा बनाये गये स्वंय सहायता समूहों की बैठकों में सहभागिता करके बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम एवं आमजन में बाल विवाह के कुप्रभावों के प्रति समझ विकसित करने के साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, नि : शुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2012 एवं पाक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। सम्भागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागियों का संख्या
1.	बीकानेर	644
कुल		**644**

बाल क्लबों का गठन :

परियोजना क्षेत्र में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम एवं आगजन में बाल विवाह के कुप्रभावों के प्रति समझ विकसित करने के लिए गांव स्तरीय बाल क्लबों का गठन किया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	बाल क्लब सदस्य संख्या
1.	बीकानेर	250
कुल		**250**

बाल विवाह के विरूद्व किशोरी बालिकाओं का सशक्तिकरण

परियोजना का कार्यक्षेत्र : बीकानेर
वितीय सहयोग : कैटापोल्ट

परियोजना प्रारम्भ : सितम्बर 2014

प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2015–मार्च 2016

प्रदेश में व्याप्त बाल विवाह जैसी प्रथा को जड़ से समाप्त करने एवं किशोरी बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से उरमूल ट्रस्ट ,बीकानेर और कैटापोल्ट के द्वारा संयुक्त रूप से बाल विवाह के विरूद्व किशोरी बालिकाओं का सशक्तिकरण परियोजना का संचालन बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ ब्लॉक में किया जा रहा है।

संस्था के द्वारा. सितम्बर 2014 से इस परियोजना का संचालन बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ ब्लांक की 03 ग्राम पंचायतों के 06 गांवों में किया जा रहा है।

परियोजना का उद्देश्य :

1. किशोरी बालिकाओं के समूह बनाकर संगठित करना।
2. समाज में किशोरी बालिकाओं को स्थापित करना एवं जीवन कौशल प्रशिक्षण देना।
3. खेलों के माध्यम से किशोरी बालिकाओं का मानसिक व बौद्विक विकास करना।
4. सबला योजना से जुडी किशोरी बालिकाओं को शाला से जोडना।
5. किशोरी बालिकाओं को सरकारी योजनाओं से जोडना।
6. किशोरी बालिकाओं को बाल विवाह के बारे में जानकारी देकर जागृत करना।
7. विवाह पंजीकरण सुनिश्चित करवाना।
8. बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ समाज में माहौल तैयार करने हेतु किशोरी बालिकाओं को तैयार करके सशक्त बनाना।

परियोजना के तहत आयोजित की गई गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

किशोरी बालिका समूहों का गठन :

परियोजना क्षेत्र की 03 ग्राम पंचायतों में समाज में किशोरी बालिकाओं को स्थापित करने के लिए संगठित करने के उददेश्य को लेकर किशारी बालिका समूहों का गठन किया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	ग्राम पंचायत का नाम	किशोरी बालिका सदस्य संख्या
1.	बेनीसर	97
2.	ठुकरियासर	55
3.	सुरजनसर	104
कुल		**256**

किशोरी बालिका जीवन कौशल प्रशिक्षण :

परियोजना क्षेत्र के गांवो में किशारी बालिका जीवन कौशल प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षणों में बाल विवाह से होने वाले नुकसान व असर पर समझ विकसित व मजबूत के लिए संस्था के द्वारा गांवों में किये गये सर्वे को शेयर करने के साथ ही बाल विवाह रोकने के विभिन्न सम्भावित प्रयासों पर चर्चा की गई तथा बाल विवाह प्रतिषेघ अधिनियम 2006, नि : शुल्क अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2012 तथा पाक्सों अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	ग्राम पंचायत का नाम	सम्भागी संख्या
1.	बेनीसर	91
2.	ठुकरियासर	73
3.	सुरजनसर	94
कुल		**258**

विधालय प्रबन्धन समिति सदस्यों की बैठके:

परियोजना क्षेत्र के गांवो की समस्त विधालय प्रबन्धन समिति सदस्यों को बाल विवाह रोकथाम एवं समाप्ति के मुद्दों पर चर्चा करके जानकारी दी गई। बैठकों में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं नि : शुल्क शिक्षा के अधिकार अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देकर इनके प्रावधानों के बारे में बताया गया। शिक्षा से वंचित बालिकाओं को शिक्षा से जोडने के प्रयासों पर भी चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। बैठकों में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	ग्राम पंचायत का नाम	सम्भागी संख्या
1.	बेनीसर	42
2.	ठुकरियासर	29
3.	सुरजनसर	44
कुल		**105**

पंचायतीराज सदस्यों की बैठके:

परियोजना क्षेत्र के गांवो की समस्त जनप्रतिनिधियों को बाल विवाह रोकथाम एवं समाप्ति के मुद्दों पर चर्चा करके जानकारी दी गई। बैठकों में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं नि : शुल्क शिक्षा के अधिकार अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देकर इनके प्रावधानों के बारे में बताया गया। शिक्षा से वंचित बालिकाओं को शिक्षा से जोडने के प्रयासों पर भी चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। बैठकों में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	ग्राम पंचायत का नाम	सम्भागी संख्या
1.	बेनीसर	91
2.	ठुकरियासर	73
3.	सुरजनसर	94
कुल		**258**

पशुपालन व महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा रेगिस्तान में स्थाई सामुदायिक विकास परियोजना

परियोजना का कार्यक्षेत्र : विकास खण्ड, श्रीडूंगरगढ, जिला, बीकानेर
वित्तीय सहयोग : हाईफर इन्टरनेशनल इण्डिया

परियोजना प्रारम्भ : जनवरी 2011

प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2015–मार्च 2016

संस्था के द्वारा. जनवरी 2011 से इस परियोजना का संचालन बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ के 20 गांवों में किया जा रहा है। परियोजना के तहत गांवो में केवल महिलाओं के समूह ही निर्धारित प्रक्रिया के तहत गठित किये गये है।

परियोजना के तहत गठित समूहों का विवरण :

क.स.	विवरण	ओ.जी.समूह व सदस्य संख्या	पी.ओ.जी.समूह व सदस्य संख्या	कुल समूह व सदस्य संख्या
1.	समूह संख्या	18	44	62
2.	सदस्य संख्या	360	722	1082

ओ.जी.समूह : संस्था और समुदाय द्वारा चयन कर गठित किये गये समूह। जिनके साथ परियोजना की शुरूआत की गई।
पी.ओ.जी.समूह : ओ.जी.समूह द्वारा महिलाओं का चयन कर गठित किये गये समूह।

परियोजना के तहत गठित समूहों में जातिवार सदस्यों का विवरण :

क.स.	विवरण	ओ.जी.समूह सदस्य संख्या	पी.ओ.जी.समूह सदस्य संख्या	कुल समूह सदस्य संख्या
1.	अनुसूचित जाति	266	623	889
2.	अनुसूचित जनजाति	00	00	00
3.	अन्य पिछडा वर्ग	78	93	171
4.	सामान्य वर्ग	16	06	22
कुल		**360**	**722**	**1082**

परियोजना के तहत गठित समूहों के पास वर्तमान में उपलब्ध बकरियों का विवरण :

परियोजना के तहत गठित 18 ओ.जी.समूह एवं 44 पी.ओ.जी.समूह को कुल 2164 बकरियों का वितरण किया गया था। वर्तमान में समूहों के पास उपलब्ध बेरियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

वर्तमान में समूह के पास उपलब्ध बकरी	वर्तमान में समूह के पास उपलब्ध बकरी के बच्चे	कुल	बकरी के बच्चे बेचने से समूह के सदस्यों की आय
4608	1928	6536	62,91,000

परियोजना के तहत गठित समूहों की बचत का विवरण :

क.स.	विवरण	बचत (रूपये में)
1.	ओ.जी.समूह	8,07,600
2.	पी.ओ.जी.समूह	9,87,200
कुल		**17,85,800**

परियोजना के तहत आयोजित प्रशिक्षणों का विवरण :

- **समूह प्रबन्धन प्रशिक्षण :**

क.स.	विवरण	सम्भागी
1.	समूह प्रबन्धन प्रशिक्षण	167
कुल		**167**

- **आधारशिला प्रशिक्षण :**

क.स.	विवरण	सम्भागी
1.	आधारशिला प्रशिक्षण	173
कुल		**173**

- **उन्नत पशु प्रबन्धन प्रशिक्षण :**

क.स.	विवरण	सम्भागी
1.	उन्नत पशु प्रबन्धन प्रशिक्षण	204
कुल		**204**

- **किचन गार्डनिग प्रशिक्षण :**

क.स.	विवरण	सम्भागी
1.	किचन गार्डनिग प्रशिक्षण	349
कुल		**349**

- **जेण्डर प्रशिक्षण :**

क.स.	विवरण	सम्भागी
1.	जेण्डर प्रशिक्षण	361
कुल		**361**

- **पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता प्रशिक्षण :**

क.स.	विवरण	सम्भागी
1.	पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता प्रशिक्षण	379
कुल		**379**

- **धुंआ रहित चूल्हा निर्माण प्रशिक्षण :**

क.स.	विवरण	सम्भागी
1.	धुंआ रहित चूल्हा निर्माण प्रशिक्षण	219
कुल		**219**

परियोजना के तहत किये गये कार्यो का विवरण :

पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन: परियोजना के तहत नियोजन के मुताबिक हर तिमाही में परियोजना क्षेत्र के गांवों में जरूरत के मुताबिक पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में ज्यादातर सभी प्रकार के पशु आते है। इस वर्ष आयोजित शिविरों में 5792 पशुओं का उपचार किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डी–वर्मिग, टीकाकरण इत्यादि का कार्य किया गया।

परियोजना प्रबन्धन समिति : परियोजना के तहत 16 ओ.जी.समूह एवं 44 पी.ओ.जी.समूहों को मिलाकर परियोजना प्रबन्धन समिति गठित की गई है। जिसमें प्रत्येक समूह से 01 सदस्य का चयन समूह के सदस्यों के द्वारा आपसी सहमति से किया गया। परियोजना प्रबन्धन समिति की हर माह मासिक बैठक आयोजित की जाती है। परियोजना प्रबन्धन समिति का मुख्य कार्य गठित समूहों व गतिविधियों को सही ढंग, समय पर गुणवता के साथ संचालित करना है। वर्तमान में समिति के पास 10 लाख 62 हजार 300 रूपये की राशि गतिविधियों के संचालन के लिए उपलब्ध है।

वर्षा जल संरक्षण कुण्ड निर्माण : परियोजना के तहत वर्ष 2015–2016 में 158 परिवारों के लिए वर्षा जल संरक्षण कुण्डों का निर्माण किया गया। इन जल कुण्ड के निर्माण का मुख्य ध्येय वर्षाति जल का संचयन करना है ताकि क्षेत्र के गांवो में जल समस्या के समाधन में सहयोग मिल पाएं।

वर्षा जल संरक्षण कुण्ड को घर की छत से जोडना: परियोजना के तहत वर्ष 2015–2016 में 150 परिवारों के लिए वर्षा जल संरक्षण कुण्डों को घरों की छत से जोडा गया। इन जल कुण्ड के घर की छत से जोडने का मुख्य ध्येय वर्षाति जल का संचयन करना है ताकि क्षेत्र के गांवो में जल समस्या के समाधन में सहयोग मिल पाएं।

धुंआ रहित चूल्हे का निर्माण: परियोजना के तहत वर्ष 2015–2016 में 244 परिवारों के लिए धुंआ रहित चूल्हों का निर्माण किया गया। इन चूल्हों के निर्माण का मुख्य ध्यये धुएं से बचाव एवं ईधन की बचत करने की आदत को विकसित करके समस्या के समाधान का प्रयास समुदाय में शुरू करवाना है।

किचन गार्डनिग हेतु सब्जी के बीज वितरण: परियोजना के तहत वर्ष 2015–2016 में 784 परिवारों को किचन गार्डनिग हेतु बिज का वितरण किया गया। इसका मुख्य उददेश्य था कि परियोजना से जुडे परिवारों में किचन गार्डनिग की आदत को विकसित करने एवं हरी सब्जी की परिवार के लिए उपलब्धता को सुनिश्चिता करना है।

शौचालय निर्माण : परियोजना के तहत वर्ष 2015–2016 में 137 परिवारों के लिए शौचालय का निर्माण किया गया। इसका मुख्य ध्येय परियोजना के तहत जुडे परिवारों में स्वच्छता एवं महिलाओं की आवश्यकता की ओर समुदाय का ध्यान आकर्षित करके इस कार्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करना।